उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7

UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

देश

सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यालयों में चित्र एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित।



संवाददाता हरिपाल सिंह जिलामंत्री ठाकुर सुरेश तरकर ने प्रतियोगिता का किया अवलोकन। फरह। भारतीय जनता पार्टी जिला मथुरा द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में चित्र एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिलामंत्री ठाकुर सुरेश तरकर ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में प्रवास कर प्रतियोगिता का अवलोकन किया। उन्होंने जी.ए.सी. गर्ल्स इंटर कॉलेज, परखम, पूर्व माध्यमिक विद्यालय फातिया सहित अन्य विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए चित्रों एवं पोस्टरों को देखा तथा उनकी प्रतिभा और रचनात्मकता की सराहना की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन एवं सेवा संकल्प अभियान से जुड़े विभिन्न विषयों पर चित्र और पोस्टर तैयार किए। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा राष्ट्रहित जैसे विषयों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। जिलामंत्री ठाकुर सुरेश तरकर ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें रचनात्मक सोच और सामाजिक सरोकार की भावना को भी मजबूत करती हैं।

एक नज़र में

सेवा संकल्प अभियान के तहत 24 सितंबर को लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर।
सूरसदन में भव्यता के साथ संपन्न हुआ 'सनातन शक्ति सम्मेलन।
विश्व चौराहे पर खड़ा भारत करेगा विश्व का मार्गदर्शन: भैयाजी जोशी, तीन दिवसीय गौ संचालक बैठक का हुआ समापन, गौसंरक्षण, प्राकृतिक खेती और पंचगव्य पर हुआ मंथन।
बुलडोजर से 20 साल पुरानी दुकान गिराने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी।
अग्निशमन अधिकारियों ने आग से बचाव के दिए गुर।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

सेवा संकल्प अभियान के तहत 24 सितंबर को लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर।



संवाददाता हरिपाल सिंह फरह। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गोस्वामी चिकित्सालय, दौलतपुर रोड, दीनदयाल धाम में 24 सितंबर को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन गोस्वामी चिकित्सालय, दीनदयाल धाम एवं सूर्या फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। शिविर में सर्वोदय हॉस्पिटल के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा क्षेत्रवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान हृदय रोग, हड्डी रोग एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। मरीजों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया जाएगा। शिविर की जानकारी क्षेत्र प्रमुख आदर्श मिश्रा ने प्रेस वार्ता के दौरान दी।

देश

सूरसदन में भव्यता के साथ संपन्न हुआ 'सनातन शक्ति सम्मेलन।



संवाददाता हरिपाल सिंह आगरा। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा आगरा के सूरसदन में आयोजित 'सनातन शक्ति सम्मेलन' भव्य एवं गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों, मातृशक्ति, युवा साथियों एवं बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे, संगठन की मजबूती तथा सनातन संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण को लेकर एकजुट होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। आयोजकों ने कहा कि समाज की एकता और संगठन की शक्ति को मजबूत करने के लिए सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है।

देश

विश्व चौराहे पर खड़ा भारत करेगा विश्व का मार्गदर्शन: भैयाजी जोशी, तीन दिवसीय गौ संचालक बैठक का हुआ समापन, गौसंरक्षण, प्राकृतिक खेती और पंचगव्य पर हुआ मंथन।



संवाददाता हरिपाल सिंह मथुरा/परखम। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय गौसेवा गतिविधि द्वारा देशभर के प्रमुख गौशाला संचालकों एवं गौसेवा कार्यकर्ताओं की तीन दिवसीय बैठक का रविवार को दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, गौग्राम परखम में समापन हुआ। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ अग्निहोत्र एवं गौपूजन के साथ किया गया। बैठक में देश के विभिन्न प्रांतों एवं क्षेत्रों से पहुंचे करीब 650 गौशाला संचालकों ने सहभागिता की। समापन सत्र में विभिन्न प्रांतों से आए गौशाला संचालकों ने अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए। इस दौरान गौशालाओं के बेहतर संचालन, संरक्षण एवं व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर चर्चा हुई। विभिन्न क्षेत्रों से आए वैज्ञानिकों ने आदर्श गौपालन, गौसंरक्षण एवं गौसंवर्धन सहित अन्य विषयों पर प्रस्तुतियां दीं।

देश

अग्निशमन अधिकारियों ने आग से बचाव के दिए गुर।



संवाददाता हर्ष राठी अलीगढ़। 21 सितंबर 2026 को अमृता सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज, तेजपुर, जवां में अग्निशमन एवं सुरक्षा मानकों के अनुपालन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन अधिकारियों ने आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों, आग पर काबू पाने के प्राथमिक तरीकों और सुरक्षित तरीके से बाहर निकलने की प्रक्रिया के बारे में समझाया।

Uncategorized

बुलडोजर से 20 साल पुरानी दुकान गिराने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी।



संवाददाता इंद्रेश कुमार मिश्रा अकबरपुर थाना क्षेत्र के बरियावन बाजार में करीब 20 वर्ष पुरानी दुकान को अज्ञात लोगों द्वारा बुलडोजर से गिराए जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर एसएचओ पुलिस बल और राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच की।जांच में प्रथमदृष्टया सामने आया कि उक्त दुकान सार्वजनिक रास्ते की भूमि पर बनी हुई थी, जबकि उसके पीछे खतौनी की भूमि स्थित है। पीड़ितों का आरोप है कि पीछे स्थित भूमि तक रास्ता निकालने के उद्देश्य से अज्ञात लोगों ने दुकान को बुलडोजर से गिरा दिया।